खबर संक्षेप

## गेहूं की खड़ी फसल में लगी आग, लाखों का नुकसान



**मण्डला।** कल दोपहर बम्हनी क्षेत्र के खारीहार गांव में उस समय सनसनी मच गई जब पककर तैयार हुई गेहूं की फसल में आग लगने की खबर आई क्षेत्र के लगभग 32 किसानों की पककर तैयार गेहूं की फसल आग की भेंट चढ़ गई। आग लगने का कारण शॉटसर्किट बताया जा रहा है। इस क्षेत्र में विद्युत विभाग की लापरवाही से घटनायें पहले भी होती रही हैं अब जबकि पूर्णतः तैयार फसल जिसकी सिर्फ कटाई होनी थी वह राख के ढेर में तब्दील होकर रह गई। जिन कृषकों की फसलें इस आग की भेंट चढ़ गई उन्होंने शासन-प्रशासन से सहयोग एवं मुआवजे की मांग की है। राजस्व विभाग का अमला भी खबर मिलने पर मौके पर पहुंचा और जिन कृषकों का जितना नुकसान हुआ है उसका आंकलन करने में लगा रहा। आग से न केवल फसल ही जली है बल्कि कृषकों के सिंचाई के साधन भी नष्ट हुये हैं जिनमें हजारों मीटर पाईप एवं अन्य संसाधन शामिल हैं आग से 2-3 कृषकों की सर्विस वायर भी जलकर नष्ट हो गई वह भी हजारों रूपये की बताई जा रही है। आग लगने पर कृषकों ने स्थानीय संसाधन के माध्यम से ही आग पर काबू पाने का प्रयास किया आगजनी की आशंका को देखते हुये शासन-प्रशासन को पुख्ता इंतजाम करने चाहिये ऐसी भी मांग उठी।

### रामनवमी पर सुबह निकाली गई विशाल वाहन रैली

# निकली भगवान राम की शोभायात्रा







*** सजीव झांकियों से सजी रही शोभायात्रा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

जिले में चैत्र नवरात्र पर्व श्रृद्धा भक्ति भाव के साथ मनाया गया। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्मोत्सव पर जगह जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए एवं भंडारे का आयोजन भी किया गया। जहां देवी उपासको ने व्रत रखकर विशेष पूजन अर्चन व अनुष्ठान किए। वहीं नौ दिनो तक नगर का वातावरण भक्तिमय बना रहा। रामनवमीं पर्व में जगह-जगह धार्मिक आयोजन किए गए। नगर में वाहन रैली निकाली गई। कन्या भोजन व देवालयो में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में भक्तो ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया।

राम जन्मोत्सव रामनवमीं में नगर के हरदौल मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा शहर के विभिन्न मार्गो का भ्रमण किया। शोभायात्रा के दौरान सजीव झांकियां भी निकाली गई। श्रृद्धालुओ ने भगवान श्रीराम का पूजन अर्चन किया। शोभायात्रा के दौरान भक्ति गीतो की धुन पर श्रीराम के भक्त थिरकते रहे।

शोभायात्रा शाम लगभग 6:30 बजे प्रारंभ हुई शोभायात्रा में राम दरबार की झांकी थी जिसमें सजीव रूप से राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न एवं हनुमान जी मौजूद थे। शोभायात्रा का नेतृत्व हरदौल लाला समिति के पदाधिकारियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में नगर के समाजसेवी एवं नागरिकगण कर रहे थे रैली में नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा एवं भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा भी अपने साथियों के साथ उपस्थित रहे। धार्मिक गीतों के साथ-साथ श्रीराम के जयघोष से पूरा उदयचौक गूंजता रहा रैली जब आगे बढ़ी तो स्थान-स्थान पर रैली में शामिल लोगों के लिये स्वल्पाहार एवं ठण्डे पेय की व्यवस्था अन्य रामभक्तों द्वारा की गई थी जिसमें सभी वर्ग के लोग शामिल रहे। समाचार लिखे जाने तक शोभायात्रा आजाद वार्ड तक पहुंच चुकी थी।



इससे पहले सुबह से नगर के देवी मंदिर, नर्मदा तट में बड़ी संख्या में भक्तो ने पहुंचकर पूजन अर्चन किया। नवरात्र पर्व पर शुरू हुए अनुष्ठान का समापन विधि-विधान से किया गया। दुर्गा सप्तशती पाठ, यज्ञ, पुराण के समापन के दौरान विशेष पूजन अर्चन किया गया। नगर के देवी मंदिरों में भंडारे का आयोजन किया गया।

इसके अलावा अन्य धार्मिक स्थलो में भी भंडारे आयोजित किए गए। जिसमें हजारो की संख्या में भक्तो ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। रामनवमीं पर दिन भर धार्मिक आयोजनो का सिलसिला चलता रहा। रामनवमीं पर श्रद्धालुओं ने श्रीराम मंदिर एवं देवी मंदिर में पूजन अर्चन किया। नौ दिन तक व्रत धारण कर मां की उपासना करने वाले भक्तो ने घर-घर कन्या भोज कराये। कन्याओ का पूजन कर दान किया। बताया गया कि बिझिंया दुर्गा मंदिर, लालीपुर दुर्गा मंदिर, बस स्टेंड खेरमाई मंदिर, कटरा खेरमाई मंदिर, उदय चौक दुर्गा मंदिर, सिंहवाहिनी मंदिर, विध्यवासिनी मंदिर, बूढ़ी माई माता, ज्वाला जी मंदिर, शीतला माता मंदिर, राजीव कालोनी शीतला मंदिर में पूजन अर्चन का दौर दिन भर चलता रहा। माता के भक्तो ने पूजन के साथ माँ को चुनरी व श्रृंगार भी भेंट किया।

# धूमधाम से मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

भारतीय जनता पार्टी मंडला के द्वारा 6 अप्रैल को भाजपा का 46 वां स्थापना दिवस प्रत्येक बूथ, शक्ति केंद्र मंडल एवं जिले में धूमधाम से मनाया गया। जिला कार्यालय में 1 दिन पूर्व से कार्यालय की सजावट की गयी। जिसमें भारतीय जनता पार्टी जिला मुख्यालय में प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जिले में भाजपा का इतिहास एवं विकास पर चित्र प्रदर्शनी लगाई गयी जिसे पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं द्वारा अवलोकन किया गया एवं 1980 से लेकर आज तक की विभिन्न आयामों से गुजरती भाजपा को जाना गया।

जिला भाजपा मुख्यालय में जिलाध्यक्ष श्री प्रफुल्ल मिश्रा द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के द्वारा मां भारती, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी के शैल चित्र पर माल्यार्पण किया गया साथ ही मिष्ठान वितरण एवं आतिशबाजी की गयी । भाजपा जिलाध्यक्ष जी के द्वारा एक वृक्षारोपण किया गया। इसी तारतम्य में प्रत्येक मण्डल एवं बूथ स्तर में स्थापना दिवस के कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं द्वारा गली और मोहल्लों में छोटी-छोटी रैलियां कर भारत माता की जय, भाजपा जिंदाबाद के उदबोधन के साथ निकाली गयी। कार्यकर्ताओं में स्थापना को लेकर उत्साह रहा । इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, पारस असरानी, थामन बरमैया, शिवा रानू राजपूत, जयदत झा, विनय मिश्रा, सुशील मिश्रा, सुरेंद्र दुबे, विनय तिवारी, दिनेश चौधरी, अंशुमाली शुक्ला, जहूर मोहम्मद, सुधीर दुबे, रवि सोनवानी, सौरभ गुप्ता, मयंक विश्वकर्मा, अभिनव सिहारे, सुदीप चौरसिया, सचिन शर्मा, संजय गुप्ता, बसंत चौधरी, शिखा श्रीवास्तव, कमला टांडिया, सुधीर मिश्रा, मोंटी मलिक, इशांक साहू, अंकित चौरसिया, मनीष चौधरी, प्रकाश प्रजापति, अंकित ज्योतिषी, नितिन यादव, वेद प्रकाश दुबे सहित भाजपा उपस्थित रहे।



# लोकप्रिय कर्मचारी नेता विवेक शुक्ला दोबारा अध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रांत अध्यक्ष डॉ क्षत्रवीर सिंह राठौर व महामंत्री राकेश गुप्ता द्वारा जारी अधिसूचना के तहत मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला इकाई मंडला के 3 वर्षीय निर्वाचन मेघराज नगपुरे निर्वाचनअधिकारी बालाघाट व निर्वाचन पर्यवेक्षक विनोद कुमार सिंह शहडोल की गरिमामयी उपस्थित में स्थानीय शिक्षक सदन मंडला में संपन्न हुए। इस संबंध में पूर्व में जारी अधिसूचना के तहत संघ के निर्वाचन नियमावली व संविधान के तहत हुए। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के निर्वाचन में जिला संयोजक विवेक शुक्ला को पुनः सर्व सम्मति से निर्विरोध जिला अध्यक्ष बने। विवेक शुक्ला की कर्मठता, लग्नशीलता, जुझारुपन, ऊर्जावान, शिक्षक हितैषी कार्यों के चलते जिले भर से आए हुए ब्लॉक, तहसील पदाधिकारियों व सदस्यों



की उपस्थिति में निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। विवेक शुक्ला के जिला अध्यक्ष नियुक्त होने पर समूचे मंडला जिले के शिक्षा जगत ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए उन्हें बधाई संप्रेषित की है। शिक्षक संघ के निर्वाचन में रेवाशंकर पांडे सचिव, घनश्याम चौरसिया कोषाध्यक्ष, श्रीमती शांति मरावी, विवेक कुमार साहू, अनिल कुमार मरकाम, अशोक कुमार राजपूत, श्रीमती रितु सिंगौर एवं उदयकांत अवस्थी उपाध्यक्ष के रूप में निर्वाचित हुए हैं। संघ के उप सचिव के रूप में प्रियदर्शन पटेल, नंदकिशोर मार्को, संतोष कुमार पटेल, अमित आनंद पांडे, श्रीमती निहारिका उइके, धनीराम मरावी निर्वाचित हुए। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी सदस्य के रूप में राकेश शुक्ला, अमर कुमार सोनी, अमित श्रीवास्तव, दीपक कार्तिकेय, आशुतोष कछवाहा, दिनेश मिश्रा एवं गुलाब सिंह महोबिया को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के निर्वाचन को संपन्न कराने में आशीष तिवारी जिला अध्यक्ष जबलपुर, दामेंन्द मंदरेले बालाघाट, श्री मिश्रा शहडोल, असीम गौतम प्रांत प्रमुख की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर मात शक्तियों की भी उपस्थित देखने को मिली।

# बरघाट में विधि-विधान से मंदिरों में हुआ ज्वारे का विसर्जन

**चैत्र नवरात्र पर्व के दौरान नगर के विभिन्न सिद्धपीठ देवी मंदिरों में स्थापित मनोकामना ज्योति कलश का रविवार को विसर्जन हुआ। यह विसर्जन देर रात तक चला। परंपरा के अनुसार रामनवमीं के बाद भक्ति-भाव के साथ जवारे का विसर्जन किया गया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरघाट।





बरघाट नगर के देवी मंदिर में स्थित ज्वारों का विसर्जन किया गया। जिसमें भक्तजनों ने शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित किया। शारदा मंदिर के जवारे भी रामनवमी के दिन विसर्जित हुए। शारदा मंदिर में खप्पर व मनोकामना कलश स्थापित किए गए थे। देवी मंदिर प्रागंण में जवारे विसर्जन के बाद भंडारा आयोजित किया गया। जिसमें भक्तगणों ने भंडारा महाप्रसाद ग्रहण किया।

महाआरती का आयोजन - देवी मंढिया मंदिर में चैत नवरात्र पर्व के अवसर पर शनिवार को शाम को महाआरती का आयोजन किया गया था। मंदिर मे बड़ी संख्या पर महिलाओं और नवैयुवतिया ने दिए की थाल सजाकर पहुंची। मंदिर के साथ पूरा क्षेत्र इस महाआरती की गूंज से गुजायमान हो गया। इसके पूर्व शनिवार की सुबह देवी मढिया मंदिर में अष्टमी पूजन के बाद कन्या भोज कराया गया व दोपहर को हवन पूजन का कार्यक्रम समपन्न हुआ।

## नेशनल हाईवे 44 पर कार और बाइक की भिडंत,एक गंभीर घायल

सिवनी

जिले के घुनई गांव के पास रविवार दोपहर 2 बजे नेशनल हाईवे 44 पर कार और बाइक में आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार कन्हैया प्रसाद डेहरिया गंभीर रूप से घायल हो गया। छपारा थाना पुलिस के मुताबिक, कन्हैया प्रसाद गणेशगंज की तरफ जा रहा था, तभी विपरीत दिशा से आ रही कार से उनकी बाइक टकरा गई। हादसे की सूचना मिलते ही प्रत्यक्षदर्शियों ने छपारा पुलिस और 108 एंबुलेंस को सूचित किया। घायल को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालत गंभीर होने के कारण उन्हें नागपुर रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी खेमेन्द्र जेतवर ने बताया कि पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। पुलिस ने लोगों से सडक़ सुरक्षा नियमों का पालन करने और सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील की है, लेकिन लोगों की लापरवाही के कारण इस तरह के हादसे लगातार हो रहे हैं।

**आगजनी** | **दिन में दो बार लगी आग, फायरबिग्रेड ने पाया आग पर काबू।**

# शासकीय संजय निकुंज में लगी आग

*** असामाजिक तत्वों का बताया जा रहा हाथ।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/निवास



उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा संचालित संजय निकुंज क्षेत्र में दोपहर एक बजे अज्ञात कारणों से लगी आग से समस्त वानिकी में लगे वृक्ष झुलस गये साथ ही जो नये पौधे रोपे गये थे उनका जीवित रहना मुश्किल हो गया है।

वानिकी में वृक्षों के नीचे पड़े सूखे पतझड़ में आग लग जाने से कई एकड़ जमीन में फल फूल रहे वृक्षों में से सैकड़ों झाड़ पेड़ के अलावा बांस भी आग की चपेट में गये, ऐसे में अंदाजा लगाया जा रहा है कि विभाग को इसकी भरपाई करने में दशकों लग जायेंगे।



कई हेक्टेयर में फैले संजय निकुंज में अप्रत्यासित आगजनी की घटना से निपटने हेतु शुरक्षा के कोई खास इंतजाम नहीं हैं, यहां तक कि विभाग ने रोपित वानिकी की शुरक्षा हेतु न तो बाउंड्री वाल का निर्माण कराया न ही कटीले तार की ही फेंसिंग कराई, अगर कुछ चिन्हित जगहों पर पतझड़ की सफाई कर ध्यान रखा जाता तो उक्त आगजनी की घटना को टाला जा सकता था, और कई लाखों की राशि से रोपित वानिकी को बचाया जा सकता था।

### कर्मचारियों के आवास हैं पर जबलपुर से अप डाउन कर रहे

निवास के कई विभागों के कर्मचारियों सहित उद्यानिकी विभाग के जिम्मेदार भी जबलपुर मंडला से अप डाउन कर रहे हैं जिसके कारण न सिर्फ विभागीय कार्य बाधित हो रहे हैं बल्कि इसकी बड़ी कीमत भी सरकार को चुकानी पड़ रही है लेकिन हालात को कोई सुधारने की जहमत नहीं उठा रहा। उक्त घटना रविवार का दिन और एक मात्र भृत्य के रहने से हुई, जिस वक्त आग लगी यह सो रहा था और बाकी कर्मचारी अवकाश में अपने घर गये हुये थे।देर शाम को एक बार फिर सुलगने लगी आग फायर दमकल वाहन से काबू पाया गया। लेकिन कई वृक्षों की ठूँठ में छुपी आग लगी हुई है जिससे आगे भी आग भड़कने की संभावना बनी हुई है।

### इनका कहना है:-

*मेरे द्वारा कई बार फेंसिंग आदि की व्यवस्था करने विभाग को सूचित किया गया है पर आवंटन राशि प्रदान नहीं कि गई, किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा बीड़ी आदि पीकर फेके जाने से आग लगने की संभावना लग रही है।*

***-बसंत उईके,***
***वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी (निवास)***

# नवीन सीसी सडक़ मार्ग को लेकर केवलारी एसडीएम ने दिए जांच के आदेश

**केवलारी।** वार्ड नंबर 13 में नवीन सीसी सडक़ मामले को लेकर एसडीएम केवलारी ने दिए जांच के आदेश, शिकायतकर्ता की उपस्थिति में 7 दिवस के अंदर पंचनामा संबधित कार्यालय सौंपने के आदेश हुए। शासन की राशि का दुरुपयोग करने के लिए नगर परिषद केवलारी के कुछ ठेकेदार की मनमानी चरम सीमा में है। जहां विकास क्षेत्र को लेकर जनता ने विश्वास जताया था लेकिन सीसी सडक़ों की यह हाल है इसमें सीमेंट पूल उड़ती हुई नजर आ रही है।

हम बात कर रहे हैं केवलारी नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 13 की सिवनी मंडला रोड से वेनगंगा नदी रोड तक पूरी तरीके से गुणवत्ता विहीन कार्यों की रूप में नजर आ रही है जिसको लेकर काफी शिकायत सीएम हेल्पलाइन में भी लग रही है। लेकिन आज दिनांक तक इस रोड को नवनिर्माण होते हुए भी कोई सुधार कार्य नहीं किया गया है ना ही कोई उच्च अधिकारियों के द्वारा कोई कार्यवाही अभी तक इस सीसी रोड में की गई है जिसको लेकर नगर वासियों पर रोष व्याप्त है।

जबकि उचित निर्माण में सीसी सडक़ों का निर्माण सीमेंट, पानी और समुच्चय के मिश्रण का उपयोग करके किया जाता है, जिन्हें एक कठोर और मजबूत सतह बनाने के लिए संकुचित और ठीक किया जाता है। कंक्रीट निस्संदेह निर्माण उद्योग में एक गेम चेंजर है, जो विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए एक कठिन, मजबूत और टिकाऊ समाधान प्रदान करता है। आम जनमानस के लिए सडक़ों का बनाकर वहां के रहवासियों के लिए एक बेहतर व्यवस्था के लिए शासन कई करोड़ राशि खर्च करती है लेकिन नीचे तक पहुंचने पर आज भी पारदर्शिता होने के बाद भी कहीं ना कहीं शासन की राशि का दुरुपयोग लोग आसानी से कर ही जाते हैं। सौसी सडक़ो के निर्माण कार्य पर नगर परिषद के जिम्मेदारों पर अब **प्रश्न खड़े हो रहे है।**

**गुणवत्ता विहीन**

सडक़ो में शासन की राशि के दुरुपयोग और आम जनमानस को मिलने वाली सुविधा में दुविधा के सहभागी नगर के उपयंत्री सीएमओ तथा ठेकेदार बने हुए नजर आ रहे हैं। सीसी रोड में क्रेशर गिट्टी का खर्च बचाने के लिए फर्शी गिट्टी का उपयोग बीच-बीच में कर दिया जाता है या क्रेशर गिट्टी और फर्शी गिट्टी का मिलावट कर दिया जाता है। इसके अलावा क्रेशर गिट्टी से कहीं सस्ती बेस बोल्डर गिट्टी का भी उपयोग कर दिया जाता है, जिससे सीमेंट की मजबूत पकड़ लंबे समय के लिए नहीं रहती।

**एसडीएम केवलारी द्वारा जांच दल गठित**

एसडीएम केवलारी के द्वारा केवलारी जिला सिवनी के द्वारा वार्ड नम्बर 13 नगर परिषद केवलारी में राम पेट्रोल पंप से छोटा बैनगंगा पुल तक बन रही सीसी रोड की गुणवत्ता की जांच किये जाने के सम्बंध में शिकायत होने पर जांच के निर्देश दिए गए है जिसमें शिकायत की जांच हेतु जांच दल गठन किया गया है एस.एस. चौकसे अनुविभागीय अधिकारी, लोक निर्माण विभाग (भ/स) केवलारी अतीक खान, उपयंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा केवलारी, भोपाल सिंह बघेल सहायक ग्रेड-3. कार्या उपवनमण्डल केवलारी (सा.), उपरोक्त दल मौका स्थल जांच कर संयुक्त हस्ताक्षरित जांच प्रतिवेदन मय पंचनामा के संकलित कर स्पष्ट अभिमत सहित 07 दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से कार्यालय में प्रस्तुत करने के आदेश दिए है।

# भगवान श्रीराम की शोभायात्रा के दौरान नगर में चारों तरफ सिर्फ एक ही आवाज सुनाई पड़ी, हर घर में एक ही नाम एक ही नारा

**अब बच्चा बच्चा जय जय श्रीराम ... राम नवमीं के मौके पर राम मंदिर सहित अन्य जगहों पर घूमधाम से मनाया मर्यादा पुरूषोत्तम आयोध्या नरेश श्रीराम का जन्मोत्सव**

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा








वैसे तो देखा जावे तो बीते हुये रविवार को संपूर्ण भारत वर्ष में भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव की धूम देखने मिली है। मगर गाडरवारा शहर में इस मौके पर चारो ओर से सिर्फ एक ही आवाज सुनाई पड़ रही थी कि हर घर में एक ही नाम एक ही नारा गूंजेगा, अब बच्चा बच्चा जय जय श्रीराम .... के नारो से मानों संपूर्ण शहर भक्ति की गंगा में लीन हो गया है। इस तरह राम नवमी व दुर्गा नवमी के विशेष संगम के अवसर पर माँ जगत जननी व मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान राम के जन्मोत्सव का जो संगम देखने मिला है उसके चलते नगरवासियों में भक्ति की लहर ने मानो और पूर्णरूप से लीन कर लिया था। क्योंकि सुबह से ही जहां देवी मंदिरों में महिलाओं की भीड़ उमड़ना शुरू हो गया था और 9 बजे से जिस प्रकार जवारों का विसर्जन क्रम चालू हुआ तो सारे दिन शहर की सड़को पर माता रानी के जबारे लेकर महिलाये देवी की आराधना में दिखाई पड़ रही थी तो दूसरी ओर शहर के राम मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भय प्रकट कृपाला दिन दयाला... माता कौशिल्या हितकार... के बचान लोगों के कानों में अमृत की वर्षा करते हुये दिखाई पड़ रहे थें। वही दूसरी ओर भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के मौके पर शहर के छिडाव घाट स्थित नरसिंह मंदिर से शाम 4 बजे भव्य शोभा यात्रा निकलनी थी मगर वह किसी के इंतजार में लगभग दो घंटे बाद निकाली गई तो यह प्रतीत होने से नही चूक रहा था कि मानों संपूर्ण शहर भगवान श्रीराम की भक्ति में लीन होकर रह गया है। इस तरह धूमधाम के साथ निकाली गई इस शोभा यात्रा के दौरान सजे हुये रथ में भगवान श्रीराम व माता सीताजी सहित लक्ष्मण जी विराजमान होकर मानव जीवन को क्षण मात्र में संकट से मुक्ति प्रदान करने वाले राम दूत हनुमान सारथी के रूप में नजर आ रहे थें। वही दूसरी ओर सुसज्जित अन्य रथो पर जहां अनेक प्रतिमाओं को विराजमान किया गया था। वही दूसरी ओर अलग अलग जगहों से बुनाये गये प्रदर्शनकारी लोगों द्वारा इस शोभायात्रा में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुये लोगों का मन मोहने से नही चूक रहे थें। वही दूसरी ओर शोभा यात्रा में शामिल महिलाओं की टीम द्वारा जिस प्रकार से अखाडा सहित अन्य प्रकार के प्रदर्शन को देखते हुये नगर पूर्णरूप से आयोध्या नगरी के समान दिखाई देते हुये जान पड़ रहा था। नगर के नदी मुहल्ला छिडाव घाट नरसिंह मंदिर में विधि विधान के साथ पूजन अर्चन उपरांत शुरू हुई यह शोभायात्रा पुरानी चौकी से निकलते हुये चांवडी रोड, महावीर भवन होते हुये श्याम टाकीज, पुराना बस स्टेन्ड से निकलकर पुरानी गल्ला मंडी होते हुये सराफा बाजार मार्ग से गुजरते हुये झंडा चौका पहुंचकर चौकी मार्ग से निकलकर शुभारंभ स्थल पर देर रात तक पहुंच पाई थी। इस तरह भक्तों द्वारा सजाई गई भगवान श्रीराम की झांकी का नगर भ्रमण के दौरान जगह जगह लोगों द्वारा स्वागत करते हुये भगवान श्रीराम का पूजन व अभिषेख कर आर्शीवाद लिया गया। इस तरह शाम लगभग 6 बजे से शुरू हुई यह शोभा यात्रा देर रात की चलती रही तो दूसरी ओर नगर में शांति व्यवस्था बनाने के लिये उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा व नगर निरीक्षक विक्रम रजक की टीम द्वारा शोभायात्रा के दौरान पैनी नजर रखते हुये लोगों की गतिविधियों की निगरानी करते हुये देखी गई। इसी प्रकार से समीपस्थ सालीचौका में भी भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाते हुये शोभा यात्रा का आयोजन किया गया जो नगर के प्रमु मार्गो से होते हुये श्री राधे कृष्ण मंदिर पहुंचकर समापन हुआ। इसी प्रकार से सांईखेड़ा, बारहाबड़ा, खुलरी, सिंहपुर छोटा, कौड़िया खुलरी, भौरझिर, सिहोरा, घघरौला, लिलवानी, पलोहा बड़ा, सड़ूमर सहित अनेक जगहों पर भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया।

## खबर संक्षेप

### खुलरी का सटोरिया इमझिरी में हुआ गिरफ्तार, टीआई केवट द्वार की गई कार्यवाही



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** समीपस्थ ग्राम खुलरी में सटोरियाँ आसपास के अन्य गांवों में भी अपना जाल बिछाये हुये है। ग्राम खुलरी निवासी युवक को करेली पुलिस थाने में नवनियुक्त टीआई प्रियंका केवट की टीम ने करेली थाना क्षेत्र के ग्राम इमझिरी में सट्टा पट्टी काटते हुये रंगे हाथों पकड़ने में साफलता हासिल करते हुये इस बात को उजागर कर दिया गया है कि जब खुलरी निवासी यह आरोपी आसपास के गांवों में इतने बड़े स्तर पर सट्टे के अवैध कारोबार को संचालित कर रहा है तो फिर ग्राम खुलरी में किस स्तर से किया जा रहा है होगा इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है..? बताया जाता है कि करेली टीआई प्रियंका केवट को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की ग्राम इमझिरी में बडे स्तर पर सट्टे का अवैध कारोबार संचालित किया जा रहा है। इस सूचना के आधार पर टीआई केवट द्वारा अपनी टीम को भेजकर मौके पर ग्राम खुलरी निवासी शहीद उर्फ मल्लू पिता सत्तार खान उम्र 40 साल निवासी ग्राम खुलरी को ग्राम इमझिरी में सट्टा पट्टी काटते हुये रंगे हाथों पकड़कर आरोपी के पास से सट्टा पट्टी सहित पेन कागज व अन्य सामग्री के साथ नगदी 5030 रूपया जप्त करते हुये धारा 4 (क) सट्टा अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

### महानगरों की तरह दिखाई पड़ रहे जाम के नजारे

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** शहर की आबादी बढ़ने,आपाधापी भरे समय में स्वाभाविक तौर से वाहनो, आटो की संख्या में ईजाफा होने, स्कूलो बसो, ट्रको की भरमार होने, अतिक्रमण की गहराती समस्या के कारण नगर की प्रमुख सड़क्र बेजा यातायात का दबाव सहने की स्थिति में दम तोड़ती जा रही है और वही नवनिर्मित सड़कों के भी जर्जर होने की शुरूआत हो गयी है, जिन पर सुबह से अनियंत्रित गति से चल रहे वाहनों से जहां पैदल स्कूलो में जाने वाले बच्चो, राहगीरो, शासकीय कर्मचारियो का सड़कों को पार करना मुश्किल हो रहा है। वही सड़कों के किनारों पर बेतरतीव वाहनों के खड़े रहने से नगर के राठी तिराहे, पलोटन गंज चौराहे, झंडाचौक पर रोज जाम लगने के हालात बन रहे है? इन स्थानों के सकरे पन की वजह से कभी कभार वाहनों का रेला इतना अधिक लग जाता है कि यातायात अराजक हो जाता है और लोगो का परेशानी उठाने मजबूर होना पड़ता है।

## सूखाखैरी में बहती हुई धर्म की गंगा में गोता लगा रहे ग्रामवासी, जिस घर में गाय माता का पालन किया जाता है वहां पर सृष्टि के हर देवता का निवास होता है - पंडित वीरेन्द्र शास्त्री




**बारहाबड़ा।** समीपस्थ ग्राम सूखाखैरी सोनी परिवार द्वारा आयोजित 2 अप्रैल से 9 अप्रैल तक संगीतमय श्रीमद भागवत कथा व ज्ञान यज्ञ के आयोजन के पांचवे दिवस कथा वाचक पंडित वीरेन्द्र शास्त्री तेंदूखेड़ा छोटा वालों द्वारा श्रोताओं को श्रीमद् भगवात कथा सुनाते हुये भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन से भाव विभोर कर दिया गया। इस दौरान उन्होंने बताया कि भगवान द्वारा पूतना का बध देखते ही देखते कर दिया गया था तो दूसरी ओर गोकुल के बच्चों के साथ खेलते हुये वह अनेक प्रकार की इस तरह लीलाये करते थें लोग हैरत में पड़ जाते और माता चिंता में। वही भागवत कथा में कथा वाचक शास्त्री द्वारा शानदार तरीके से श्रोताओं को गोवर्धन पूजा का वर्णन बताया कि आखिर कार भगवान कृष्ण द्वारा अपनी बाल अवस्था में जिस तरह से लीलाये दिखा रहे थें उससे सभी लोग हैरत में पड़ने से नही चूकते थें। उनके द्वारा जिस तरह से माखन चोरी की जाती थी ओर पिटाई लगती थी उनके दोस्तों की ओर वह बडे ही सज्जन बनकर अपनी माता के सामने खड़े हो जाते थें। वही महाराज द्वारा गोवर्धन पूजा की कथा सुनाते हुए कहा कि गोवर्धन लीला ज्ञान भक्ति बढ़ाने वाली लीला है। इस दौरान उन्होंने कहा कि गोवर्धन लीला से इंद्र को और जगत को श्रीकृष्ण के स्वरूप का और सामर्थ्य का ज्ञान हुआ। गोवर्धन पूजा प्रकृति की पूजा है। शरीर पांच महाभूतों से बना है और इन्हीं के कारण टिका हुआ है। यह उत्स (स्रोत) है और इस उत्स से नाता तोड़ा तो अस्तित्व नहीं टिकेगा। भ्रष्टाचार करने वाले लोग देश, समाज और धर्म की इमारत को खोखला बनाते हैं। गौमाता के महत्व का वर्णन सुनाते हुये कथा वाचक पंडित वीरेन्द्र शास्त्री ने कहा कि हमारे घर में जब गाय होती है तो मानों चारों धाम के देता मौजूद रहते है। कभी भी घर में लगे हुये तुलसी को पेड़ व गाय को पशु समझने की भूल नही करना चाहिये। क्योंकि तुलसी के पेड़ वह शक्ति होती है कि लोग अनेक बीमारियों से निजात पा सकते है और इसी प्रकार से गाय माता के दूध को पीकर ही हम लोग बुद्विमान व शक्ति शाली बनते है। वही गाय के गोवर से यदि जिस किसी के घर का द्वार लीपा गया है तो उस घर में भगवान वास करते है। मगर लगातार डिजिटल होते चले जा रहे समय में महिलाये गाय का गोबर छूने से डरती है में तो कहता है कि जो महिलाये प्रतिदिन अपने हाथ से गाय का गोबर उठाती है उनकों किसी भी प्रकार के चर्म रोगों छू भी नही सकती है। गाय माता के गोबर में वह शक्ति होती है। इस दौरान महाराज जी ने कहा कि हमारे यहां गायों की पूजा होती है लेकिन आज हम उनकी उपेक्षा कर रहे हैं। जो गाय पूजनीय है। मगर आज वह दयनीय हो गई है। इस पर विचार करें। उसकी इस दशा के कारण हम ही हैं। गाय अपना भी पोषण करेगी और हमारा भी। लेकिन अपना पोषण तभी होगा, जब हम गाय माता का शोषण रोकेंगे। मगर पता नही जिस गाय से हमारे घर में सुद्वता के साथ साथ हमारे घर को खुशी प्रदान करते हुये उसके दूध के माध्यम से निरोगी व वुद्विमान बनाती है। मगर हम उसी गाय को घर से निकालते चले जा रहे है। वही दूसरी तो अपने घरों में कुत्तों को बडी ही शान से पालते हुये देखे जाते है। कुछ लोगों को तो इस तरह देखा जाता है कि उनके द्वारा कभी गाय को नहाने के लिये उसके ऊपर पानी नही डाला होगा और उसके खाने के लिये मात्र 50 रूपया का घास का गट्ठा नही लाते है और कुत्ता को पालने के लिये महंगी से महंगी साबुन लाकर उसका स्नान कराने के साथ खाने में प्रतिदिन अनेक प्रकार की सामग्री लेकर आते है। जबकि हमारी गाय माता जो हमारी संस्कृति की साक्षता पालन हार होती है उसके पालन में परहेज करते हुये देखे जाने लगे है। जबकि गाय माता जिस घर में रहते हुये भोजन करती है उस लागत से अधिक का तो वह दूध प्रदान कर देती है। कुत्तो से क्या मिलता है...? यदि लोग चाहे तो कुत्ते को पालने से भी कम राशि खर्च करते हुये गाय माता का अपने घर में पालन पोषण कर सकते है। इस दौरान कथा बाचक महाराज वीरेन्द्र शास्त्री द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की बाल अवस्था की अन्य लीलाओं का वर्णन सुनाने के दौरान जिस तरह अपने साथियों के साथ खेलते हुये कालिया नाग का मर्दन किया था उसका वर्णन भी सुनाया गया। इस दौरान कथा वाचन वीरेन्द्र शास्त्री ने कहा कि आज कल की युवा पीढ़ी अपने धर्म अपने भगवान को नही मानते है, लेकिन तुम अपने धर्म को जानना चाहते हो तो पहले अपने धर्म को जानने के लिए गीता, भागवत ,रामायण पढ़ो तो सिर्फ तुम ही नहीं बल्कि तुम्हारी आने वाली पीढ़ी भी संस्कारी हो जायेगी। जब ब्रजवासियों ने इंद्र की पूजा छोडकर गिरीराज जी की पूजा शुरू कर दी तो इंद्र ने कुपित होकर ब्रजवासियों पर मूसलाधार बारिश की, तब कृष्ण भगवान ने गिरीराज को अपनी छोटी अंगुली पर उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की और इंद्र का मान मर्दन किया। तब इंद्र को भगवान की सत्ता का अहसास हुआ और इंद्र ने भगवान से क्षमा मांगी व कहा हे प्रभु मैं भूल गया था की मेरे पास जो कुछ भी है वो सब कुछ आप का ही दिया है कथा में राधे कृष्ण गोविंद गोपाल राधे राधे भजन ऊपर भक्तों ने खूब आनंद उठाया सभी

## बेटियों की शिक्षा व सम्मान को समर्पित रहे मातारानी का आराधना पर्व पर स्थापित जवारे, बसेडिया ने कन्याओं का पूजन करते हुये किया सम्मान




हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

चैत्र नवरात्रि के अवसर पर कौड़िया रोड स्थित माँ बीजासेन दरबार मे समाजसेवी मुकेश बसेडिया द्वारा जवारे स्थापना एवं दादा धूनी वालों की दिव्य कुटी दर्शन का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन मे रविवार को प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह पहुंचे। इस दौरान उन्होंने इस अवसर पर माँ बीजासेन, जवारे एवं दादा धूनी वालों की कुटी के दर्शन कर पूजन अर्चना की गई तथा कन्याओ का पूजन कर उन्हें चुनरी भेंट की। इस अवसर पर समाजसेवी मुकेश बसेड़िया एवं नपा सभापति शुभम राजपूत ने मंत्री सिंह को राम दरबार का चित्र एवं माता की चुनरी भेंट की। इस मौक़े पर नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, मिनेन्द्र डागा, डॉ योगेश कौरव, राव संदीप सिंह, नपा सभापति आनंद दुबे, पूजा तिवारी, पूर्व पार्षद हर्ष पाठक, अशोक भार्गव मौजूद रहे। वही राम जन्म महोत्सव व दुर्गा महाष्टमी पर अनुविभागीय अधिकारी श्रीमति कलावती ब्यारे ने 60 से अधिक बेटियों को जरूरी सामग्री भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एसडीएम श्रीमति ब्यारे ने अपने उदबोधन मे कहा कि नवरात्रि पर्व मातारानी की आराधना का प्रतीक है। इस पर्व मे बेटियों का सम्मान एक अनुकरणीय कार्य है। उन्होंने कहा की समाज मे बेटियों को आत्म निर्भर बनने की आवश्यकता है। उन्हें अपनी सुरक्षा भी स्वयं करनी है। वर्तमान समय मे सिर्फ नौकरी ही सब कुछ नहीं है बल्कि अपनी प्रतिभा के दम पर आप जीवन मे बहुत कुछ हासिल कर सकते हैं। कार्यक्रम के आयोजक मुकेश बसेड़िया ने अपने उदबोधन मे कहा कि उनके द्वारा उनके ग्राम पूरेना रंधीर मे चैत्र महोत्सव आयोजित किया जाता रहा है। इस चैत्र नवरात्रि मे 21 वर्ष पूर्ण होने पर इस वर्ष यह आयोजन कौडिया रोड स्थित माँ बीजासेन दरबार मे किया जा रहा है। इस दौरान कहा कि उनके द्वारा स्थापित जवारे बेटियों की शिक्षा एवं सम्मान को समर्पित है। यहाँ उल्लेखनीय है कि इस महोत्सव मे प्रतिदिन मातारानी की आराधना के साथ कन्याओ के पद पखारकर उन्हें शिक्षण सामग्री एवं वस्त्र भेंट किये गए। इस सम्पूर्ण आयोजन मे चंदेवा समर्पण, महाखीर भोग, अखाडा,कन्या भंडारे सहित अन्य धार्मिक आयोजन किए गए। वही बताया जाता है कि आज सोमवार को यहां पर स्थापित किये गये जवारो का विसर्जन किया जायेगा। इस सम्पूर्ण आयोजन मे पूर्व सुनील ठाकुर,रीतेश राय, नपा सभापति शुभम राजपूत ,रामेश्वर धानक, सुरेश बसेड़िया, मनोज शर्मा, प्रिंस बसेड़िया, तनुश्री बसेड़िया सहित अन्य लोगों का विशेष योगदान रहा।

## दुर्गा नवमीं के मौके पर देवी मंदिरों में धूम, देर शाम तक चलता रहा हवन पूजन सहित कन्या भोज के आयोजन, धूमधाम से हुआ जवारों का विसर्जन





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जिस तरह मातारानी की आराधना में भक्तजनों को लगातार नौ दिनों से लीन देखा गया मगर जब उनकी बिदाई का समय आया तो भक्तों के चेहरों में इस बात को लेकर मायूसी छाते हुये दिखाई पड़ी की अब उनकी मातारानी जाने वाली है।

इसी के चलते नवरात्र के अंतिम दिवस यानि की दुर्गा नवमी के मौके पर जहां शहर के देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ उतड़ते हुये दिखी गई तो दूसरी ओर जहां तहां देर रात तक हवन पूजन होते हुये दिखाई भी दिये। इस तरह नवरात्र के अंतिम दिवस व विदाई की बेला में मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ते हुये देखने मिली ओर जगह जगह कन्या भोज के आयोजन होते हुये देखे गये। क्योंकि मान्यता के अनुसार नवरात्र में देवी स्वरूपा कन्याओं का पूजन करने व उन्हें भोजन कराने से माँ जगत जननी का आर्शीवाही प्राप्त होता है। क्योकि कन्या माँ जगदम्बे का रूप ही होती है। वही दूरी ओर नगर में अनेज जगहों पर सार्वजनिक तथा लोगों द्वारा अपने देवी मठो पर रखे हुये जबारों का विसर्जन होने का सिल सिला जिस प्रकार सुबह नो बजे से शुरू हुआ तो देर रात तक चलते हुये देखा गया। इस तरह नगर में बडे ही धूमधाम के साथ जबारों का विसर्जन किया गया। जबारों विसर्जन के लिये आये हुये पंडो द्वारा जिस प्रकार से अपने गालों में त्रिशूल आर पार करते हुये प्रदर्शन किया वह पूर्ण रूप से लोगों के लिये जहां आकर्षण का केन्द्र बनने से नही चूका तो पूरे शहर में मातारानी के जयकारें लगते हुये देखे गये।

## बारहाबड़ा में धूमधाम के साथ निकले जवारा विसर्जन जुलूस, महिलाओं के सिरों पर सजे कलश दिखा रहे अनोखी छटा



**बारहाबड़ा।** चैत्र नवरात के उपरांत कल शहरों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में जहां तहां स्थापित किये गये जबारों के विसर्जन का सिलसिला सुबह से ही शुरू हो गया था, जिसके चलते देखा गया कि नौ दिन तक माँ भवानी की आराधना करने में लगे हुए भक्तों को जब मातारानी की विदाई बेला आई तो उनकी आखों से आसू निकलने से नही चूक पाये वही विसर्जन जुलूस के साथ बजते हुए स्पीकरों से जब नौ दिन नौ माई दसम दिन बिदाई.....के स्वर सुनाई पड़ रहे थें तो माताओं व बहिनों की आंखे मातारानी से बिछड़ने की बेला में आंसू झलकाते हुए दिखाई दिये। वही इस प्रकार से ग्राम बारहाबड़ा में स्थापित किये गये जबारों का विसर्जन हुआ, जिसमें खेरापति मंदिर सहित गांव में अनेक जगहों के आलवा क्षेत्र के आसपास के गांवों में अनेक सार्वजनिक जगहों सहित लोगों के घरों में स्थापित किये गये जबारों का विसर्जन किया गया। इसी प्रकार से क्षेत्र के गांवों में भी स्थापित जबारों का बड़ी धूमधाम के साथ विसर्जन हुआ, जिसके चलते नगर की गलियों में भक्तों का का हुजूम उमड़ते हुए देखा गया। वही जबारा विसर्जन जुलूस के दौरान देखा गया कि जहां महिलाएं अपने सिरों पर जबारे कलश लेकर नाचते हुए चल रहे थी वही दूसरी ओर अनेक छोटे बच्चों से लेकर युवाओं द्वारा अपने गालों में त्रिशूल आर पार करते हुए देवी भक्ति में लीन होकर इस प्रकार से प्रदर्शन किया जा रहा था की माता रानी की आस्था अपने आप ही उजागर हो रही थी, जिसके चलते नगर में इस प्रकार से प्रतीत हो रहा था कि शायद साक्षत मातारानी ही आ गई हो, वही दूसरी ओर यहां पर स्थापित माँ जगदम्बे की प्रतिमा को विजर्सन हेतु ले जाये जाने के कारण मुख्य मार्गो से निकले हुए इस जुलूस का जहां तहां लोगों द्वारा स्वागत करते हुए मातारानी का पूजन किया गया।

## खबर संक्षेप



### हर्षोल्लास के साथ मनाई गई रामनवमीं

**अनूपपुर।** नगर की सबसे पुरानी राम जानकी मंदिर, वार्ड नंबर 3 में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ शहर के महिला, पुरुष एवं बच्चों के साथ रामचरित मानस का पाठ कर व भजन कीर्तन के साथ दोपहर 12 बजे श्री राम जी का जन्म उत्सव मनाया गया, सभी भक्तों ने गाजे बाजे व आतिशबाजी के साथ सैकड़ो की संख्या में रामलला का जयकारा लगाते उनका स्वागत किया। सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया इसी तरह शहर के अंदर खेर माता मढिया, दुर्गा मढिया, शंकर मंदिर सामतपुर, बूढ़ी माई मंदिर, बस्ती आदि कई स्थानों पर राम जन्मोत्सव उत्सव मनाया गया। पूरे शहर में राम लला की जयकारा होती रही, उक्त अवसर पर नगर पालिका प्रशासन द्वारा सभी वार्डों में स्थित मंदिरों के पास साफ सफाई, कराई गई, एवं मंदिर के कमेटी कमेटी के सदस्यों द्वाराभीड़ को देखते हुए महिला एवं पुरुष को अलग-अलग कतार में प्रसाद वितरण किया गया प्रसाद वितरण का कार्यक्रम काफी देर तक चलता रहा।

### सात माह पूर्व गुम हुई महिला को दस्तयाब कर परिजनों को किया सुपुर्द

**राजेंद्रग्राम।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर द्वारा लगातार गुम इंसान की दस्तयाबी हेतु निर्देशित किया जा रहा है जिस क्रम में 09/09/2024 को सूचनाकर्ता दशरथ चंद्रवंशी पिता मंहगू चंद्रवंशी उम्र 35 वर्ष निवासी नौगवां नें थाना राजेन्द्रग्राम आकर सूचना दिया कि उसकी पत्नी शालिनी चंद्रवंशी उम्र 25 वर्ष की 03/09/2024 को घर में बिना बताये कहीं चली गई है, काफी पता तलाश किया जो अभी तक उसका कोई पता नहीं चला है, सूचना पर गुमइंसान क्र. 66/2024 कायम कर जांच की गई। गुम इंसान जांच के दौरान गुमशुदा की पता तलाश करने पर गुमसुदा को 05/04/2025 को बिलासपुर (छ.ग.) से दस्तयाब किया गया एवं गुमसुदा को उसके पति दशरथ चंद्रवंशी के सुपुर्द किया गया। गुमसुदा की दस्तयाबी अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) महोदय पुष्पराजगढ़ के मार्गदर्शन में निरी.वीरेन्द्र कुमार बरकरे, प्र.आर. धीरेन्द्र कोल एवं प्र.आर. राजेन्द्र यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### लोक निर्माण विभाग के श्रमिकों से करवाया जा रहा रोड का कार्य



**अनूपपुर।** जिले में जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय रोड पर हनुमान मंदिर से सूर्य होटल तक 500 मीटर की लंबाई का कार्य जेएनआर कंस्ट्रक्शन अनूपपुर के द्वारा करने का टेंडर हुआ है जिस पर लोक निर्माण विभाग की एसडीओ अनूपपुर दिवाकर प्रसाद द्विवेदी के द्वारा लोक निर्माण विभाग मे कार्यरत स्थाई मजदूर को ठेकेदार के कार्य पर लगाकर पेवर ब्लॉक निकलवाया जा रहा है जिन्हें ट्रैक्टर व मेटाडोर के माध्यम से कहां भेजा जा रहा है जिसकी कोई जानकारी नहीं है। स्थल पर कार्यरत लोक निर्माण विभाग के स्थाई मजदूर से जब इसकी जानकारी ली गई तब उनके द्वारा बताया गया कि एसडीओ साहब के आदेश पर यह कार्य हम कर रहे हैं पत्थर कहां ले जाया जा रहा है इसकी हमें जानकारी नहीं। इस संबंध मे वहां पर लगे हुए ट्रैक्टर एवं मेटाडोर मे कार्यरत लोगों से पूछताछ की गई तब उनके द्वारा बताया गया कि ट्रैक्टरों को दुलहा तालाब ले जाया जा रहा है एवं मेटाडोर से मढिया मंदिर पेवर ब्लॉक पत्थर को भेजा जा रहा है।

## कलेक्टर ने दिए कई अहम निर्देश

# कलेक्टर ने लिया बजट एवं वित्तीय सत्र संबंधी विभागीय बैठक

**रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर नेहा मारव्या ने नए वित्तीय सत्र एवं बजट से संबंधित बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में जिले के समस्त विभाग प्रमुखों ने भाग लिया।**



डिंडौरी।

बैठक का मुख्य उद्देश्य नए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट समर्पण, प्राप्त बजट और पूर्व वर्ष में हुए व्यय की समीक्षा करना था।बैठक के दौरान कलेक्टर मारव्या ने सभी विभागों से विभागीय बजट की जानकारी ली और यह भी जाना कि गत वित्तीय वर्ष में किन योजनाओं के तहत हितग्राहियों को कितना लाभ मिला एवं निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप क्या उपलब्धियां हासिल की गईं। अधिकारियों ने इस संबंध में अपनी-अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की।बैठक में सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला, एसडीएम डिंडोरी भारती मेरावी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा और निर्देश

कलेक्टर मारव्या ने सभी विभाग प्रमुखों से जिले में चल रहे प्रगतिरत कार्यों की जानकारी ली और उन्हें निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी कार्य गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ समयबद्ध रूप से पूरे किए जाएं ताकि योजनाओं का लाभ जनता तक शीघ्र पहुंच सके। कलेक्टर ने नगर परिषद डिंडोरी,स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक निर्माण विभाग , जल संसाधन विभाग लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग , खनिज विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सहित संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि वे खेल विभाग को बजट सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को आधुनिक तकनीकों से युक्त प्रशिक्षण और संसाधन मिलें ताकि वे राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें। जिले में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में यह एक सकारात्मक पहल होगी।

कलेक्टर ने पीएचई विभाग को जिले के ग्रामीण क्षेत्रों की आवश्यकता के अनुसार हैंडपंप खनन और पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी बस्ती में पेयजल की समस्या नहीं होनी चाहिए और गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए कार्यों में तत्परता बरती जाए।नगर में स्थित शासकीय पुस्तकालय (लाइब्रेरी) की व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए भी निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लाइब्रेरी में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए पर्याप्त संसाधन, बैठने की उचित व्यवस्था और और गर्मी के मौसम के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। बैठक में लिए गए निर्णयों और निर्देशों को लेकर सभी विभागों को समयबद्ध कार्य योजना बनाने को कहा गया है, जिससे जिले के समग्र विकास को गति मिल सके। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहते हुए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया।



# भए प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी

## शहपुरा नगर के प्राचीन श्री राम जानकी मंदिर में मनाया गया भव्य श्री राम जन्मोत्सव

शहपुरा

चैत्र शुक्ल नवमी के पावन अवसर पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का प्रकटोत्सव शहपुरा नगर के प्राचीन श्री राम जानकी मंदिर में बड़ी ही भव्यता के साथ मनाया गया प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी शहपुरा नगर की प्राचीन श्री राम जानकी मंदिर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का जन्मोत्सव पर्व विगत 9 दिन से मनाया जा रहा है रामनवमी के अवसर पर भगवान के मंदिर की आकर्षक साज सज्जा की गई दोपहर के 12:00 बजे ढोल नगाड़े घंटी घड़ियाल बजाकर भगवान श्री राम का जन्मोत्सव मनाया गया विधि विधान से जन्म उत्सव की पूजा अर्चना की गई भगवान श्री राम की महाआरती की गई इसके बाद विशाल भंडारा का आयोजन किया गया स्वयं कल की बेला में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जानकी लक्ष्मण कुमार हनुमान जी सहित भगवान की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई ढोलक झांज मंझिरो की धुन पर श्रद्धालू भगवान के भजन गाते हुए पालकी को नगर भ्रमण कराया जगह-जगह पालकी यात्रा में पुष्प वर्षा की गई।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह का प्रयास रंग लाया

**अनूपपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह ने केंद्र में रहते हुए रेल सुविधाओं के विस्तार के लिए तमाम परियोजनाओं के लिए काफी पत्राचार किया। जिसका परिणाम धीरे-धीरे सामने परिलक्षित होने लगा हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह के प्रयास से जहां रीवा-जयसिंहनगर रेल लाइन स्वीकृत का आदेश जारी हो गया। वहीं शहडोल-नागपुर के मध्य चल रही ट्रेन को अंबिकापुर से नागपुर चलाने की स्वीकृति भी अंतिम दौर में है। शीघ्र ही यात्रियों को मिलने की उम्मीदें जगी है। केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह के माध्यम से मिली जानकारी के अनुसार जयसिंहनगर-रीवा (121.087 किमी.) के बीच नई लाइन के लिए रेलवे सर्वेक्षण जयसिंहनगर को रीवा से रेलवे लाइन से जोड़ने की लगातार मांग की जा रही थी, ताकि जनता और उद्योगों के लिए बेहतर परिवहन सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

# राजनीति सत्ता प्राप्त का साधन नहीं, समाज को प्रगति पथ पर ले जाना उसका कार्य है - नेताम






डिंडौरी।

भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस पर जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम ने ध्वजारोहण कर स्थापना दिवस मनाया एवं सभी उपस्थित पदाधिकारियों को भाजपा स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। साथ ही भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठजनों का शॉल श्रीफल से भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम ने सम्मान किया। उपस्थित बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है जो भारत को एक सुदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृतसंकल्प है। भारत को एक समर्थ राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ भाजपा का गठन 6 अप्रैल, 1980 को नई दिल्ली के कोटला मैदान में आयोजित एक कार्यकर्ता अधिवेशन में किया गया, जिसके प्रथम अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी निर्वाचित हुए। अपनी स्थापना के साथ ही भाजपा ने अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं लोकहित के विषयों पर मुखर रहते हुए भारतीय लोकतंत्र में अपनी सशक्त भागीदारी दर्ज की तथा भारतीय राजनीति को नए आयाम दिए। कांग्रेस की एकाधिकार वाली एक-दलीय लोकतान्त्रिक व्यवस्था के रूप में जानी जाने वाली भारतीय राजनीति को भारतीय जनता पार्टी ने दो ध्रुवीय बनाकर एक गठबंधन-युग के सूत्रपात में अग्रणी भूमिका निभाई है। देश में विकास आधारित राजनीति की नींव भी भाजपा ने विभिन्न राज्यों में सत्ता में आने के बाद तथा पूरे देश में भाजपा नीत राजग शासन के दौरान रखी। आज तीन दशक बाद प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किसी एक पार्टी को देश की जनता ने पूर्ण बहुमत दिया है तथा भारी बहुमत से भाजपा नीत राजग सरकार केन्द्र में विद्यमान है। इसके लिये संगत दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है, जो संगत विचारधारा से प्राप्त होता है। आज भारत के सभी राजनैतिक दल विचारधारा शून्यता के शिकार हैं। भाजपा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, एकात्म मानववाद तथा पंचनिष्ठाओं की संगत विचारधाराओं के आधार पर संगठन का नियमन कर रही है। शासन की नीति में भी इनका समुचित प्रतिबिम्बन होगा। वरिष्ठ नेता कैलाशचंद जैन ने संबोधित करते हुए कहा किभारतीय जनसंघ ने डॉ श्यामा प्रसाद मुकर्जी के नेतृत्व में कश्मीर एवं राष्ट्रीय अखंडता के मुद्दे पर आंदोलन छेड़ा तथा कश्मीर को किसी भी प्रकार का विशेषाधिकार देने का विरोध किया। नेहरू के अधिनायकवादी रवैये के फलस्वरूप डॉ श्यामा प्रसाद मुकर्जी को कश्मीर की जेल में डाल दिया गया, जहां उनकी रहस्यपूर्ण स्थिति में मृत्यु हो गई। एक नई पार्टी को सशक्त बनाने का कार्य पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के कंधों पर आ गया। भारत-चीन युद्ध में भी भारतीय जनसंघ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा राष्ट्रीय सुरक्षा पर नेहरू की नीतियों का डटकर विरोध किया। 1967 में पहली बार भारतीय जनसंघ एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के नेतृत्व में भारतीय राजनीति पर लम्बे समय से बरकरार कांग्रेस का एकाधिकार टूटा, जिससे कई राज्यों के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की पराजय हुई। पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. सुनील जैन ने कहा कि जनता पार्टी का प्रयोग अधिक दिनों तक नहीं चल पाया। दो-ढाई वर्षों में ही अंतर्विरोध सतह पर आने लगा। कांग्रेस ने भी जनता पार्टी को तोड़ने में राजनीतिक दांव-पेंच खेलने से परहेज नहीं किया। भारतीय जनसंघ से जनता पार्टी में आये सदस्यों को अलग-थलग करने के लिए 'दोहरी-सदस्यता' का मामला उठाया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबंध रखने पर आपत्तियां उठायी जानी लगीं। यह कहा गया कि जनता पार्टी के सदस्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्य नहीं बन सकते। 4 अप्रैल, 1980 को जनता पार्टी की राष्ट्रीय कार्यसमिति ने अपने सदस्यों के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्य होने पर प्रतिबंध लगा दिया। पूर्व के भारतीय जनसंघ से संबद्ध सदस्यों ने इसका विरोध किया और जनता पार्टी से अलग होकर 6 अप्रैल, 1980 को एक नये संगठन 'भारतीय जनता पार्टी' की घोषणा की। इस प्रकार भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई। पूर्व जिलाध्यक्ष अवध राज बिलैया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक सुदृढ़, सशक्त, समृद्ध, समर्थ एवं स्वावलम्बी भारत के निर्माण हेतु निरंतर सक्रिय है। पार्टी की कल्पना एक ऐसे राष्ट्र की है जो आधुनिक दृष्टिकोण से युक्त एक प्रगतिशील एवं प्रबुद्ध समाज का प्रतिनिधित्व करता हो तथा प्राचीन भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति तथा उसके मूल्यों से प्रेरणा लेते हुए महान 'विश्वशक्ति' एवं 'विश्व गुरू' के रूप में विश्व पटल पर स्थापित हो। इसके साथ ही विश्व शांति तथा न्याययुक्त अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था को स्थापित करने के लिए विश्व के राष्ट्रों को प्रभावित करने की क्षमता रखे। बैठक का संचालन मंडल अध्यक्ष आशीष वैश्य व आभार अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष महेश धुमकेती ने व्यक्त किया।

# अमरकंटक में भक्ति भाव से मनाया गया रामनवमीं



अमरकंटक।

पवित्र नगरी अमरकंटक में भी पवित्र चैत्र शुक्ल पक्ष नवमी पुनर्वास नक्षत्र पर रामनवमी के पावन अवसर पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का पावन जन्मोत्सव पूरे विधि विधान व धार्मिक वातावरण में मंत्रोच्चारण के साथ ठीक 12 बजे नर्मदा उद्गम स्थल मंदिर राम मंदिर में तथा फलाहारी आश्रम में मनाया गया। नर्मदा उद्गम स्थल मंदिर परिसर में राम दरबार मंदिर में भगवान राम लला का का पावन जन्म उत्सव भक्ति मय उल्लास पूर्ण तरीके से भए प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशिल्या हितकारी हर्षित महतारी मुनि मन हारी अद्भुत रूप निहारी के उच्चारण के साथ पुजारी कामता प्रसाद द्विवेदी नीलू महाराज तथा सुरेश द्विवेदी छोटे महाराज के अभिषेक पूजन अर्चन आरती तथा मंत्र उच्चारण के साथ परंपरागत ढंग से मनाया गया। भारी संख्या में उपस्थित भक्त श्रद्धालुओं ने तन्मयता के साथ भाव विभोर हो आनंद लेते रहे तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने दंडवत होकर प्रणाम कर भगवान राम से आशीर्वाद मांगा। चैत्र शुक्ल पक्ष नवमी मे रामनवमी के पावन अवसर पर स्थानीय फलाहारी आश्रम में भी भगवान राम जी का पावन प्राकट्योत्सव पूरे उत्साह उमंग के साथ ढोल नगाड़े घंटी की हर्ष ध्वनि उमंग पूर्ण वातावरण में 12 बजे आचार्य पुजारी धनेश द्विवेदी वंदे महाराज उमेश द्विवेदी बंटी महाराज सुनील द्विवेदी तथा धर्मेंद्र द्विवेदी पप्पू महाराज के शुमधुर मंत्र उच्चारण के साथ मनाया। इस अवसर पर आश्रम के प्रमुख संत जगद्गुरु रामानंदाचार्य श्री राजेश्वरानंदचार्य जी महाराज ने विशेष पूजन अर्चन किया इस अवसर पर आश्रम में साधु संतों ग्राम आचार्य ब्राह्मणों तथा भक्त श्रद्धालुओं को भोजन प्रसाद कराया गया। रामनवमी के पावन उपलक्ष पर भगवान राम जी का शोभा यात्रा विशाल रथ में डीजे बाजा के ध्वनि के साथ भक्त श्रद्धालु नाचते गाते भक्ति भाव के साथ नगर के प्रमुख मार्ग से आश्रम से लेकर नाका तिराहा तक निकल गया भारी संख्या में शोभायात्रा में चलते रहे। शोभा यात्रा के दौरान अमरकंटक पुलिस बल सुरक्षा व्यवस्था के लिए चाक चौबंद रही।



# शहपुरा में मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस

शहपुरा

भारतीय जनता पार्टी मंडल शहपुरा के द्वारा भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया मंडल शहपुरा के सभी बूथ स्तर पर पार्टी का ध्वजारोहण किया गया शहपुरा नगर के बाजार चौक शंकरगंज भैरवगंज सहित अन्य प्रमुख स्थलों पर भारतीय जनता पार्टी का ध्वजारोहण किया गया साथ ही इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष भजन चक्रवर्ती ज्ञान दीप त्रिपाठी में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया मंडल अध्यक्ष में भारतीय जनता पार्टी के स्थापना वर्ष से लेकर वर्तमान तक के इतिहास के बारे में लोगों को अवगत कराया इस दौरान कमल अग्रवाल नगर पंचायत अध्यक्ष शालिनी अग्रवाल चिकित्सा प्रकोष्ठ की जिला संयोजक डॉक्टर श्वेता जैन मंडल महामंत्री सुरेंद्र साहू अरुण अग्रवाल रवीश साहू नितिन गुप्ता राजा उसराठे प्रभात दारिया सहित अन्य कार्यकार्ता उपस्थित रहे।

# परीक्षा के अंतिम दिन छात्रों ने स्कूल में जमकर मचाया उत्पात

**कोतमा।** कोतमा नगर के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोतमा में परीक्षा के दौरान परीक्षा देने आए ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल एवं भारत माता पब्लिक स्कूल के छात्रों द्वारा परीक्षा के अंतिम दिन परीक्षा देने के बाद कमरे में जमकर उत्पात मचाते हुए विद्यालय में लगे 10 पंखों को क्षतिग्रस्त किए जाने का मामला सामने आया है। प्राचार्य के द्वारा छात्रों के द्वारा किए गए उदंड हरकत पर दोनों संस्था के प्रमुखों को उसी दिन सूचना देकर पंखे की मरम्मत कराए जाने के लिए कहा गया था लेकिन दोनों ही विद्यालय प्रमुख द्वारा शासकीय संपति तोड़े जाने के मामले में उदासीनता वाला रवैया अपनाया गया। छात्रों द्वारा कई कमरों में लगे पंखों की पंखियों को तोड़े जाने के बाद भी दोनों स्कूल के जिम्मेदारों द्वारा लापरवाही की।

## खबर संक्षेप

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्रामीणों को बताया गया जल का महत्व



**नरसिंहपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान जिले में 30 जून तक चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान श्रमदान, संगोष्ठी, दीवार लेखन, स्लोग्न, जल संरक्षण की दिशा में अनेक कार्य किये जा रहे हैं। जिले के ग्राम बम्होरी- तिंदनी में जल संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी में ग्रामीणों को जल का महत्व बताया गया। संगोष्ठी के दौरान जल संरक्षण व पौधरोपण और अन्य कार्यों के लिए विस्तृत चर्चा की गई। संगोष्ठी के दौरान ग्रामीणों ने जल संरक्षण व संवर्धन के लिए सामुदायिक सहभागिता से कार्य करने की सहमति जताई। साथ ही जल के संरक्षण व संवर्धन के लिए प्रेरित किया गया। इसी तरह पुरानी जल संरचनाओं की साफ- सफाई व उनके जीर्णोद्धार के साथ नवीन जल संरचनाओं का निर्माण तथा जन जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। यह कार्य निरंतर 30 जून तक चलाया जायेगा। यह संगोष्ठी का आयोजन नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बम्होरी के नेतृत्व में किया गया।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के तहत जिले में होंगे सामूहिक विवाह सम्मेलन

*हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।* मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के अंतर्गत वर्ष 2025- 26 में जिले के नगरपालिका परिषद गाडरवारा व करेली एवं जनपद पंचायत गोटेगांव में सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। जिले के नगरपरिषद गाडरवारा में 25 अप्रैल एवं करेली में 30 अप्रैल और जनपद पंचायत गोटेगांव में 11 मई 2025 को मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह किये जायेंगे। मुख्यमंत्री कन्या विवाहध् निकाह योजनान्तर्गत सामूहिक विवाह में सम्मिलित होने के लिए इच्छुक हितग्राही आवश्यक दस्तावेजों सहित संबंधित नगरीय निकायों और जनपद पंचायत में संपर्क कर आवेदन जमा कर सकते हैं। उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण ने बताया कि संबंधित हितग्राही को अपने आवेदन के साथ वर- वधू के अभिभावक का मध्यप्रदेश के मूल निवासी, वधू व उसके वर की समग्र आईडी, समग्र आईडी उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में संबंधित निकाय जिसका आवेदक निवासी है द्वारा समग्र आईडी उपलब्ध कराई जायेगी और वर मध्यप्रदेश का निवासी नहीं होने की स्थिति में समग्र आईडी अनिवार्य नहीं होगा।

### जिले के किसानों से नरवाई- फसल अवशेष नहीं जलाने की अपील

*फसल अवशेष के फायदे*

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने जिले के किसानों से नरवाई- फसल अवशेषध पराली नहीं जलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पराली जलाने से मिट्टी की उर्वरता कम होती है और पर्यावरण प्रदूषण होता है। मिट्टी के सूक्ष्मजीव नष्ट हो जाते हैं। इसके विपरीत नरवाई को खेत में ही छोड़ देने से अनेक लाभ होते हैं। नरवाई- फसल अवशेष का प्रबंधन सतत खेती के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। किसान नरवाई प्रबंधन जरुर करें। यह सतत खेती के लिए बहुत जरुरी है, इससे किसानों को अच्छी उपज मिलती है। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान और अवशेष प्रबंधन से होने वाले फायदों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि नरवाई नहीं जलाने से नरवाई धीरे- धीरे विघटित होकर मिट्टी में कार्बनिक पदार्थ मिलाती है, जिससे मिट्टी की संरचना सुधरती है और जल धारण क्षमता बढ़ती है।पोषक तत्वों का संरक्षण- नरवाई में मौजूद पोषक तत्व- नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटेशियम मिट्टी में वापस मिल जाते हैं, जिससे अगली फसल के लिए उर्वरकों की आवश्यकता कम हो जाती है। मिट्टी के कटाव में कमी- नरवाई मिट्टी की ऊपरी परत को ढंककर रखती है, जिससे हवा और पानी के कारण होने वाले मिट्टी के कटाव को रोका जा सकता है।

## धूमधाम के साथ निकली भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा

# जिले में श्री राम जन्मोत्सव की धूम- रामनवमीं पर्व श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**नरसिंहपुर। रविवार को नगर सहित जिले में रामनवमी पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इसे लेकर शहर में भव्य शोभायात्रा शाम के समय निकली। भगवान श्री राम की झांकी के साथ निकाली गयी शोभायात्रा शहर के कई मार्गो से होते हुये शारदा मंदिर सतीश टाकीज के पास जाकर समाप्त हुई। वहीं सुबह के समय दुपहिया वाहन रैली निकाली गयी।**





चैत्र नवरात्रि पर्व पर जहां विविध कार्यक्रम चल रहे हैं। वही रामनवमी पर्व को लेकर भगवान श्री राम की शोभायात्रा नरसिह मंदिर से शाम 4 बजे प्रारंभ हुई। यह शोभायात्रा गांधी चैक, सुभाष पार्क से होते हुये मुख्य रोंड़ बाजार कंदेली व गुरूद्वारा रोड़ से होते हुये शारदा मंदिर में जाकर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, पं. रामसनेही पाठक, महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, इंजी. सुनील कोठारी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण शामिल हुए। इस भव्य शोभायात्रा का कई जगह स्वागत सत्कार किया गया। अनेक स्थानों पर जलपान की व्यवस्था की गयी। वहीं शहर में स्वागत द्वार अनेक स्थानों पर बनाये गये थे। शोभायात्रा में बाजे, ढ़ोल नगाड़ों के साथ अखाड़ों का प्रदर्शन किया गया। इसके अलावा शोभायात्रा में अनेक रामधुन मंडल, भजन कीर्तन मंण्डलियों के गीत संगीत व अनेक संगठनों की शामिल रहीं झांकियां मनमोहक रहीं।

### डीजे की धुन पर जमकर नाचे श्रद्धालु

श्री रामनवमी पर नगर में भव्यता के साथ शोभायात्रा निकाली गई। सुबह से ही युवाओं शोभायात्रा को लेकर उत्साह एवं उमंग देखा गया। जिसमें हर वर्ग ने शोभायात्रा में शामिल होकर डीजे की धुन पर जमकर झूमते-नाचते दिखाई दिए। वहीं शोभायात्रा में महिलाओं द्वारा सिर पर कलश धारण किए हुए कतारबद्ध रैली के रूप में जुलूस में शामिल हुईं। इसके अलावा शोभायात्रा में घोड़ा-बग्गी के साथ सबसे मनमोहक झांकी श्रीराम भगवान की प्रतिमा की रहीं जहां पर श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत कर पूजन-अर्चन किया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।



### निकली वाहन रैली

हिन्दु उत्सव समिति के तत्वाधान में रविवार को श्री रामनवमी के पावन अवसर पर सुबह करीब 10 बजे वाहन रैली निकाली गयी। यह रैली शहर के कई मार्गो से निकली, इस रैली का भी अनेक स्थानों पर स्वागत कर जलपान कराया गया। यह वाहन रैली अनगढ़ मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्यमार्गो से होते हुये नवीन बस स्टेंण्ड में जाकर समाप्त हुई।

## घरों-घर हुई अष्टमीं व नवमीं की पूजा



**नरसिंहपुर।** चैत्र नवरात्रि की अष्टमी-नवमी पर घरों-घर पूजन-अर्चन किया गया। नगर की प्रसिद्ध खेरापति मढिया में भोग अर्पित किया गया। इसके साथ ही घर-घर कन्या भोज का दौर शुरू हुआ। कई जगह पर अष्टमी एवं नवमी पर भी कन्याभोज का आयोजन किया गया। देवी स्वरूपा कन्याओं को भोजन कर श्रृद्वालु भक्त अपने आपको धन्य मानते है व अपनी ओर से कन्याओं को चुनरी, फल आदि भेंट स्वरूप प्रदान करते है।

## स्वयंसेवकों का किया सम्मान

**नरसिंहपुर।**



राष्ट्रीय सेवा योजना मुक्त इकाई का सात दिवसीय इकाई शिविर का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ देवांशू गौतम द्वारा जबलपुर के भेड़ाघाट में किया गया। जिसमें रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर से नरसिंहपुर जिले से जिला दलनायक गणेश प्रजापति एवं वरिष्ठ स्वयंसेवक आशुतोष मेहरा के नेतृत्व में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर से सात स्वयंसेवको में रोहित नोरिया, मनीषा राजपूत ,कविता यादव, वेदांत दुबे, ब्रजेश चैधरी, नंदनी ठाकुर, दिनेश अग्रवाल ने शिविर में सहभागिता कि इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.आर.बी. सिंह के नेतृत्व में एवं राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई कार्यक्रम अधिकारी प्रो. रीता रावत एवं छात्र इकाई कायक्रम अधिकारी डॉ. जी.एस. मार्सकोले के मार्गदर्शन मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुक्त इकाई शिविर में सहभागिता करने वाले स्वयंसेवकों को उपहार के रूप में वृक्ष प्रदान कर सम्मान किया। इस कार्यक्रम में शिविर में सहभागिता करने वाले स्वयंसेवक द्वारा अपना अनुभव साझा किया गया जिससे अन्य स्वयंसेवक भी शिविर में सहभागिता करने के लिए प्रेरित हो। राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ जी एस मर्सकोले द्वारा कार्यक्रम का आभार किया एवं मंच का संचालन हर्षित चैरसिया द्वारा किया गया।

## मां खेरापति सामूहिक जवारों की शोभायात्रा 9 को



**नरसिंहपुर।** विकासखंड की ग्राम पंचायत रोसरा में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी चैत्र नवरात्र पर प्रसिद्ध मां खेरापति मढिया में 31 कलश और खप्पर 61 बारी सहित कुल 93 जवारे की स्थापना मां खेरापति सामूहिक जवारे समिति द्वारा एक अप्रैल को की गई थी। मां खेरापति मढिया में मंगलवार को अष्टमी की पूजा और भव्य आरती की जाएगी। यहां स्थापित की गई दुर्गा जी की प्रतिमा और जवारों की भव्य शोभायात्रा बुधवार 9 अप्रैल को निकली जाएगी। यह शोभायात्रा रोसरा से प्रारंभ होकर रेलवे फाटक होते हुए, स्टेशन, मंडी रोड, अन्य मार्गों और विपतपुरा होकर वापस खेरापति मढिया में सम्पन्न होगी। इसके पश्चात जवारे का विसर्जन मां नर्मदा जी में किया जाएगा। समिति ने जिले के सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में आकर धर्मलाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

### जिले में तुअर फसल उपर्जान के लिए पंजीयन की तिथि 20 अप्रैल तक

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** राज्य शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के निर्देशानुसार भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम के अंतर्गत खरीफ वर्ष- 2024 (विपणन वर्ष 2024- 25) में तुअर फसल के उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन ई- उपार्जन पोर्टल पर 20 अप्रैल 2025 तक किया जायेगा। इसके लिए राज्य शासन ने तुअर फसल का समर्थन मूल्य 7550 रुपये क्विंटल घोषित किया है। जिले में किसान पंजीयन के लिए 20 केन्द्र निर्धारित किये गये हैं।राज्य शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार उपायुक्त सहकारिता व नोडल अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक तुअर फसल के किसानों के पंजीयन कराये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। किसान तुअर फसल के लिए पंजीयन ई- उपार्जन पोर्टल पर 20 अप्रैल 2025 तक पंजीयन करा सकेंगे। पंजीयन के लिए किसान भूमि की खसरा बी-1, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति, आवश्यक सहपत्र लाना आवश्यक है। जिले के किसानों से अपील की गई है कि वे अपनी उपज विक्रय के लिए निर्धारित केन्द्रों में समय सीमा में जाकर पंजीयन करायें।

## आमगांव बड़ा में अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन संपन्न



**नरसिंहपुर।**

आमगांव बड़ा में धार्मिक समितियां एवं समस्त भक्त जनों द्वारा मैरिज गार्डन में अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन अंतर्राष्ट्रीय हास्य कवि डॉ शंकर सहर्ष के संयोजन एवं संचालन में संपन्न हुआ। कवि सम्मेलन का प्रारंभ मां वीणापाणी बंदना से हुआ उसके बाद अमरवाड़ा से पधारें जय सांवरा ने पढ़ा- घाट घाट राम जी को,खोजने लगे हो यार, घट मे विराजे प्रभु राम नही जानते।

नरसिंहपुर से पधारे विवेक सक्सेना ने खूब तालिया बजवाते हुए पढ़ा- पिता टूट जाता उस वक्त जब बच्चे कहें, पिता जी बताओ क्या किया हमारे वास्ते। रायसेन से आए हास्य पैरोडीकार दिनेश याग्निक खूब तालियां बजवाई उन्होंने व्यंग्य पढ़ा—होत कबड्डी ताल ताल। सब मूंछें लाल लाल। सिवनी से पधारे मुकेश मनमौजी ने खूब वाहवाही बटोरते हुए पढ़ा- धरती के नीचे नागनाथ ,धरती की ऊपर सांप नाथ।नरसिंहपुर से पधारे अंतर्राष्ट्रीय हास्य कवि डॉ.शंकर सहर्ष ने अपने संचालन के दौरान खूब तालियां बजवाई। उन्होंने इशारों में पढ़ा- दूध पियोगे तो ताकत मिल जाएगी,जूस पियोगे तो तबीयत संभल जाएगी।पर चाय पीने से कुछ नहीं होगा, चाय बेचोगे तो किस्मत खुल जाएगी। राजगढ़ के हास्य रस के कवि डालचंद मनमोहन ने खूब हंसाया फिर उन्होंने मां के ऊपर पढ़ा-रिश्तो को कभी तार तार करके नहीं लौटा । गलत शब्दों का भी उच्चार करके नहीं लौटा।।

### खेल प्रशिक्षण शिविर में पहुंचकर पूर्व राज्यमंत्री ने खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन

नरसिंहपुर। जिला व्हालीबाल संघ द्वारा खेल विभाग एवं शिक्षा विभाग के सहयोग से एक अप्रैल से स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में पूर्व राज्यमंत्री एवं जिला व्हालीबाल संघ के अध्यक्ष जालम सिंह पटैल एवं जिला भाजपा अध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने खिलाड़ियों के मध्य पहुंचकर उत्साहवर्धन किया। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में श्री पटेल ने मैदान में उपस्थित छात्र-छात्राओं से कहा कि व्हालीबाल तेज दिमाग खिलाड़ी का खेल है यह बहुत चतुराई से खेला जाता है इसमें आपका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य सुदृढ़ होता है। कोई भी हार अंतिम हार नहीं है। हमें हमेशा प्रयास करते रहना है, जब तक जीत न मिल जाए। खेल से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। शारीरिक और मानसिक स्थिति मजबूत होती है। खिलाड़ियों को उत्साहित करते हुए उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन कर अपने माता-पिता जिले और राज्य सहित देश का नाम रोशन करें। शिविर में सभी आयु वर्ग के बच्चों को व्हालीवाल का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उक्त अवसर पर अभिषेक नेमा, मयंक जैन, व्हालीबाल संघ से मनीष कटारे, शाकिर हुसैन, अभिनव चैकसे, विजय सेन, निशा मिश्रा एवं राकेश सोनी, राजकुमार साहू, राजेश तिवारी शिक्षक उपस्थित रहे।

# भाजपा का 46वां स्थापना दिवस मनाया गया



**तेंदूखेड़ा।** रविवार को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी ने अपना 46 वां स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाते हुए भाजपा द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का उल्लेख करते हुए मनाया।इस मौके पर प्रत्येक बूथ स्तर पर के साथ टेकापार ग्वारी मदनपुर ढिलवार खैरुआ मनकापुर भामा बीकोर हीरापुर डोभी पड़रिया इमलिया काचरकोना काशीखैरी सहित अनेक बूथों पर भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया एवं भाजपा के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की फोटो पर माल्यार्पण कर उनके विचार रखे गए एवं अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को भी शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ एवं प्रत्येक कार्यकर्ता को दीनदयाल जी के विचारों पर चलकर पार्टी की पूर्ण समर्पित रूप से सेवा करना एवं समाजिक कल्याण के कार्य करना दीन हीन दलित गरीब सहित अंतिम छोर के व्यक्ति की भी सेवा करना और उनको जारूक करना ऊंचाईयों पर ले जाना यही दीनदयाल जी के विचार थे ।इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## घंटा शंख ध्वनि के बीच मनाया भगवान श्री राम का जन्मोत्सव





**तेंदूखेड़ा**

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव का महापर्व रामनवमी नगर एवं आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर नगर के सभी प्रतिष्ठित मंदिरों श्री राम जानकी मंदिर बाजार मुहल्ला नगरिया मंदिर नायक मंदिर देव श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर गोपाल लाल श्री देव राधा कृष्ण मंदिर में विशेष साज सज्जा की गई ।बंधन तोरणद्वार लगाये गये। दोपहर 12 बजते ही बड़ी संख्या में एकत्रित नगर के सभी श्रद्धालुओं ने भगवान की स्तुति करते हुए आरती वंदना की गई। प्रसाद वितरण किया गया।

### इमझिरा में मनाया जन्मोत्सव

समीपी प्रतिष्ठित ग्राम इमझिरा श्री राम जानकी मंदिर एवं श्री राधा कृष्ण मंदिर मैं दोपहर 12 बजते ही ग्राम के सभी श्रद्धालुओं ने अपनी अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए घंटा शंख ध्वनि के बीच मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया आरती स्तुति के उपरांत पूजन भजन कीर्तन देर शाम तक चलते रहे। वहीं प्रसिद्ध कंकाली मठ पर मां भगवती को महाअष्टमी पर 56 व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया।

## अभूतपूर्व धर्म प्रभावना के साथ निकाली गई श्री जी की विशाल शोभायात्रा



**तेंदूखेडा -** दिगंबर जैन मंदिर परिसर में चल रहे श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान श्रद्धालु भक्त श्रावकों की अद्भुत भक्ति उत्साह से भरपूर सह्रभागिता से धर्म प्रभावना के साथ नगर के मुख्य मार्गों से श्री जी की विशाल शोभायात्रा के साथ समापन हुआ। 29 मार्च से प्रारंभ विधान में प्रतिदिन सुबह शाम पूरा पंडाल श्रद्धालु भक्तों से भरा हुआ उनकी श्रद्धा एवं भक्ति का दिग्दर्शन कराता रहा ।विधान के दौरान प्रातः 6 बजे से विधान के विधानाचार्य श्रद्धेय ब्रम्हचारी संजीव भैया पं कमल कुमार शास्त्री पं मयंक के द्वारा मंत्रोच्चार के साथ श्री जी का अभिषेक विश्वशांति एवं प्राणिमात्र के कल्याण की मंगल भावना के साथ शांति धारा की गई । जिन सहस्रनाम स्तोत्र के रुप में भगवान के 1008 गुणों के प्रतीक 1008 नामों के साथ अनंतानंत सिद्धों को अर्घ्य समर्पित करके सिद्ध परमात्माओं की महार्चना की गई। रविवार को सुबह शांतियज्ञ हवन के साथ जिनेन्द्र देव शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से निकाली गई जिसमें रजत रथ 24 पालकियों में भगवान को विराजमान किया गया धर्म ध्वजा लेकर इंद्र इंद्राणी जनाकर्षण के केंद्र बनें हुए थे।जिसका समापन जैन मंदिर परिसर में जाकर हुआ । इन दिवसों में रात्रि के समय मंगल आरती प्रवचन तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया इनकी प्रतिभा को देखते हुए उन्हें सम्मानित किया गया।इस बृहद कार्यक्रम के मुख्य आयोजक डा प्रकाश जैन उनका पूरा परिवार था जिन्होंने बड़े ही विनम्र भाव से इस सकल दिगम्बर जैन समाज के साथ नगर की सर्व समाज को आमंत्रित किया और सभी ने अपनी सहभागिता निभाई।